दोपहर बाद खुला रास्ता

ग्रामीणों को पानी की समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया

# पानी की समस्या पर इमलाई वासियों का चक्काजाम

अधिकारियों की समझाइश के बाद माने ग्रामीण

10 टैंकर प्रतिदिन इमलाई के उन वार्डों में जाएंगे जहां पानी नहीं पहुंचता, मंत्री-विधायकों को बदलना पड़ा रास्ता



**नवभारत,दमोह.**शहर से लगे ग्राम इमलाई में शुक्रवार को पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा. सुबह से देर दोपहर तक ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर टेंट लगाकर चक्काजाम कर दिया.ग्रामीणों का आरोप था कि गांव में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट बना हुआ है. बार-बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ. इससे नाराज होकर महिला-पुरुष बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आए.खास रूप से वाहनों की लंबी-लंबी कतारें प्रदर्शन स्थल पर देखने को मिलीं.सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. अधिकारी-कर्मचारी ग्रामीणों को समझाइश देते रहे, लेकिन ग्रामीण चक्काजाम खत्म करने को तैयार नहीं हुए.बाद में जनपद पंचायत सीईओ हलधर मिश्रा, तहसीलदार रॉबिन जैन, पीएचई विभाग के अधिकारी, नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, थाना प्रभारी अमित गौतम, नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी,सरपंच रामरानी, उपसरपंच रमेश श्रीवास्तव, सचिव संजय राजपूत सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा.

**अधिकारियों ने ग्रामीणों को पानी की समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया**

पंचायत के माध्यम से 10 टैंकर प्रतिदिन उन वार्डों में जाएंगे जहां पानी नहीं पहुंचता है .इसके बाद कहीं जाकर चक्काजाम समाप्त हो सका .चक्काजाम के कारण मंत्री, नेता, बड़े अफ़सर और विधायकों को वहां से निकलना था,लेकिन रास्ता बंद होने की वजह से उन्हें दूसरे रास्ते से जाना पड़ा.

## मंडलम ग्राम पंचायत कमेटी की हकीकत जानने पहुंचे प्रभारी यादव

**नवभारत,जबेरा/दमोह.** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के जी एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी की मंशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत ग्राम स्तर एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के दिशा निर्देश पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के सतत प्रयासों को मूल रूप देने जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मानक पटेल के नेतृत्व में एवं जिला प्रभारी हर्ष यादव, पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी के मार्गदर्शन में जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जबेरा ब्लॉक के ग्राम कलेहरा, चोपरा,जबेरा,सिंगरामपुर व सिंगपुर मंडलम के कार्यकर्ताओं की बैठक कर सभी मंडलम अध्यक्षों से संवाद प्रभारी रमाकांत यादव ने किया।जिसमें कांग्रेस को किस प्रकार से मजबूत किया जाए सभी से सलाह व मार्गदर्शन प्राप्त किए।इस अवसर पर प्रताप सिंह लोधी पूर्व विधायक,रमाकांत यादव (प्रभारी),दृगपाल सिंह लोधी (युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष),ओ.पी.शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष, श्रीमती रजनी ठाकुर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष, गोविंद तिवारी, रघुनंदन तिवारी, दीपक यादव, प्रमोद धनगर, द्वारका सिंह,अखिलेश सोनी,द्वारका साहू,योगेश दुबे,भगवत धनगर, नितिन मिश्रा आदि।



## नीम वाले बाबा की सदली चादर अकीदत के साथ निकाली गई, नगर में हुआ जगह-जगह स्वागत

**नवभारत,बटियागढ़/ दमोह.** हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैय्यद शमशुद्दीन अली रहमतुल्लाह अलेह उर्फ नीम वाले बाबा की सदली चादर बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ निकाली गई.चादर जुलूस का शुभारंभ जामा मस्जिद बटियागढ़ से हुआ.जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने फातिहा व दुआ के साथ चादर को रवाना किया.चादर जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों नया बाजार, बस स्टैंड, गेस्ट हाउस होते हुए घनश्यामपुरा स्थित दरगाह परिसर पहुंचा. पूरे मार्ग में अकीदतमंदों द्वारा सलातो-सलाम पढ़ते हुए बाबा की शान में नारे लगाए गए.जुलूस में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग व बच्चे शामिल रहे.दरगाह पहुंचने पर पेश इमाम जनाब आजम खान शाहव ने विशेष दुआओं और सलातो-सलाम के साथ चादर पेश कराई. इस दौरान देश एवं प्रदेश में अमन-चौन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी गई.चादर जुलूस के दौरान नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया.कार्यक्रम में सुल्तान खान अध्यक्ष, हाजी वहीद खान,इस्माइल खान,सलीम खान,इसरार खान,अजमेर खान, राजू खान,सहित त्यौहार कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी रही.आयोजन शांतिपूर्ण व श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ.

## सांदीपनि विद्यालय में छात्रों ने रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण हासिल किया



**नवभारत,जबेरा/दमोह।** जिला प्रशासन के निर्देशन व विद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ने हेतु नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के अंतर्गत शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा मे बीस दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसके अंतर्गत विद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक व हार्डवेयर ईटी ट्रेड तथा आईटी प्ज् ट्रेड के अंतर्गत कक्षा दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए ऑन जॉब ट्रेनिंग(ओजीटी)के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान कियागया.प्रशिक्षण ट्रेनर रामकुमार कुर्मी एवं मयंक कुमार जैन द्वारा दिया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई.इस दौरान प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों ने विभिन्न प्रकार के अनेकों कार्य सीखे ताकि वह भविष्य में अपने स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें.वही विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेई व उपप्राचार्य अजय सिंघई द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र आगे चलकर न केवल अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करेंगे बल्कि दूसरों को भी रोजगार प्रदान कराएंगे.इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक उमेश शर्मा, विवेक जैन, पप्पू लाल राय,रामकिशोर शर्मा, सुखनंदन साहू सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं अनेकों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही.



## भाजपा दीनदयाल मंडल की शक्ति केंद्र बैठक आयोजित,संगठन सुदृढ़ करने पर जोर

**नवभारत,दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के दीनदयाल नगर मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र क्रमांक 02 की महत्वपूर्ण बैठक बजरिया 03 में पार्षद श्रीमती सुनैना धीरज घारू के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई बैठक में जानकारी दी गई कि दीनदयाल नगर मंडल में कुल 9 शक्ति केंद्र हैं, जिनमें प्रत्येक माह की 21 से 25 तारीख के बीच नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों के माध्यम से वार्ड स्तर पर लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने,लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों से संवाद बढ़ाने तथा बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, मंडल उपाध्यक्ष देवल कोरी,शक्ति केंद्र प्रभारी अशोक रोहित,वार्ड प्रतिनिधि धीरजघारू, महामंत्री महेंद्र अहिरवार सहित गायत्री वंशवर्ती,आकाश सपरे,नीलकमल पीछे,मनीष सप्रे,लीलाधर राठौर, आशीष चक्रवर्ती,अनिल कोरी,सुनील राठौर,मोनू कोरी व बुकी अहिरवार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ईद-उल-अजहा सहित अन्य पर्वों को शांति पूर्वक मनाये

कलेक्ट्रेट सभा कक्ष व्यारमा में शांति समिति की बैठक



**नवभारत,दमोह.**आगामी ईद-उल-अजहा सहित अन्य पर्वों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर कलेक्ट्रेट सभा कक्ष व्यारमा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने की.बैठक में दमोह विधायक जयंत मलैया, भावसिंह मासाब, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस), एडीएम मीना मसराम, एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया मौजूद हैं.इस अवसर पर एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व,एसडीएम हटा राकेश मरकाम, एसडीएम तेंदूखेड़ा गोस्वामी, एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया,तहसीलदार रॉबिन जैन,पारूल चौधरी, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार,यातायात दलबीरसिंह मार्को,नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह, आबकारी अधिकारी केपी गांधी, विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग से अनिल अठया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे.हिंदू संगठनों से अंजू खत्री,एड.कमलेश भारद्वाज, एड.अनुनय श्रीवास्तव,अनिल कोटवानी, कपिल सोनी,लालचंद राय, पंकज हर्ष श्रीवास्तव, अखिलेश तिवारी, तेजी राम रोहित व मुस्लिम समाज से अनवर उस्ताद, आजम खान,अमजद डायमंड सहित सभी वर्गों के जनप्रतिनिधि व शांति समिति सदस्य उपस्थित रहे.



## तपती धूप में मानवता की छांव लीनेश क्लब ने मज़दूरों को बांटी कूलिंग किट

**नवभारत,दमोह।** भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत दिलाने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था लीनेश क्लब द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत दिहाड़ी मज़दूरों को कूलिंग किट वितरित की गई।संस्था के इस सेवा अभियान के तहत मज़दूरों को पानी की बोतल,तौलिया,ग्लूकोज़,छाता,टोपी,ओआरएस पाउडर,मठा एवं सत्तू जैसी आवश्यक सामग्री प्रदान की गई,ताकि वे गर्मी के प्रभाव से सुरक्षित रह सकें। ऐसे में उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मज़दूरों ने संस्था के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर रोज़ी बग्गा, स्मृति खरे, ज्योति सचदेव,पदमा दुबे,रिम्मी जुनेजा, प्रिंसी जैन, प्रियंका,सुरेखा,पुष्पा प्रजापति, प्रियंका, राखी चोपड़ा, डिम्पल शर्मा, अंशुल शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट के बाहर भारतीय किसान संघ का धरना, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,दमोह.** भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों का धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के बाहर किया गया.भारतीय किसान ने परिसर के बाहर टेंट लगाकर धरना दिया है और मांगों की गुहार लगाई.संगठन के पदाधिकारी अध्यक्ष श्रीराम पटेल और जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के किसान अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आंदोलन कर रहे हैं. फ़सल बीमा, खाद-बीज की कमी, बिजली, सिंचाई और फ़सल के उचित दाम जैसी मांगों को लेकर किसान एकजुट हुए हैं.





## तेजगढ़ में दिखी गंगा-जमुनी तहज़ीब की अद्भुत मिसाल, मुस्लिम समाज ने कथा व्यास पं.मुकेश मिश्रा का किया स्वागत

**नवभारत,तेजगढ़/दमोह.**ग्राम तेजगढ़ एक बार फिर सामाजिक सौहार्द,आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी संस्कृति की मिसाल बनकर सामने आया .नामदेव परिवार व ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के दौरान मुस्लिम समाज द्वारा कथा व्यास पंडित मुकेश मिश्रा मयंक अजब धाम भागवत उनकी मंडली का भव्य स्वागत व सम्मान किया गया .मुस्लिम समाज के लोगों ने गाजे-बाजों सहित श्रद्धा व सम्मान के साथ पंडित मुकेश मिश्रा को शॉल, श्रीफल व पुष्पमाला भेंट कर अभिनंदन किया .कार्यक्रम के दौरान धर्म,संस्कृति और सामाजिक एकता का ऐसा अनुपम दृश्य देखने को मिला जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन भावुक कर दिया .गौरतलब है कि तेजगढ़ में 18 मई 2026 से श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है,जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं .आयोजन में सभी समाजों की सहभागिता देखने को मिल रही है,जो नगर की वर्षों पुरानी सामाजिक समरसता और भाईचारे की परंपरा को दर्शाती है .कथा व्यास पंडित मुकेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि तेजगढ़ की पावन धरती सदैव प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की प्रतीक रही है।

## बांसा में 60 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवभारत,दमोह।** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर नाका चौकी स्थित बांसा गांव में 60 वर्षीय वृद्ध का शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला,सूचना पर सागर नाका चौकी प्रभारी विक्रम दांगी, प्रधान आरक्षक सत्येंद्र सहित पुलिस मौके पर पहुंची .पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की . मृतक की पहचान नन्नू पिता प्यारेलाल अहिरवार उम्र 60 वर्ष के रूप में हुई है. पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है .परिजनों ने आरोप लगाया कि रात में मृतक और पड़ोसी आपस में शराब पी रहे थे .उसी दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया .पड़ोसी ने मृतक से गाली-गलौज कर मारपीट की .इसी सदमे के चलते नन्नू अहिरवार ने घर आकर देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली .चौकी प्रभारी विक्रम दांगी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है .परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं .पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा.



## बीएलबीसी बैठक में शासकीय योजनाओं की दी जानकारी

**नवभारत,जबेरा/दमोह.** जिला कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन में आजीविका कार्यालय जबेरा में शुक्रवार को बीएलबीसी बैठक आयोजित की गई.बैठक में एलडीएम हेमंत कुमार,स्वाति एसबीआई आरएसईटीआई शाखा प्रबंधक अभिषेक रंजन, आकाशदास सहित आजीविका कार्यालय से एबीएम अजय शुक्ला व हृदेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे.बैठक में एलडीएम हेमंत कुमार द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी व स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई.इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बैंकों को लक्ष्य आवंटन,मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना,टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना,भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना,संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ.आंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना,पीएमएफएमई व पशुपालन विभाग की योजनाओं पर चर्चा की गई.इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए. बैठक में जिले में बैंकों में नगदी संकट के चलते किसानों को भुगतान मे आ रही समस्याओं पर भी चर्चा हुई.इस दौरान सभी संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर किसानों को राहत पहुंचाने के लिए लगातार सहयोग करने की बात कही गई. बैठक में जबेरा ब्लॉक के समस्त कियोस्क संचालकों की उपस्थिति रही.

### एक नजर में



## मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ अभद्रता के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,दमोह.** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल महाकौशल प्रांत संगठन ने जिला दमोह द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के साथ हुए अभद्र व्यवहार व हमले के विरोध में आज कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक महोदय को मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति को ज्ञापन सौंपा गया .ज्ञापन में घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की गई .कार्यक्रम में जिला लोधी समाज अध्यक्ष भाव सिंह लोधी, दयालु ठाकुर,विवेक सिंह लोधी, तीनगुल्ली माधव सिंह सरपंच अज्जू सिंह चौरई चंदन सिंह इटवा पदम सिंह त्रिलोक सिंह देवी सिंह मनोज सिंह,जागेश्वर सिंह लोधी,संतोष शर्मा,पवन रजक,गोविंद रजक आदि लोगों की उपस्थिति रही.

## श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, पं. राजेश तिवारी शास्त्री कर रहे कथा वाचन,कलश यात्रा के साथ हुई शुरुआत

**नवभारत,दमोह.**शहर के ताम्रकार मंदिर महाकाली चौराहा में 21 मई 2026 से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है .पंडित राजेश तिवारी शास्त्री के



मुखारविंद से कथा का वाचन किया जा रहा है .आयोजकों ने बताया कि 21 मई को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई . कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची,जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए .कलश यात्रा के उपरांत विधि-विधान से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ .कथा के प्रथम दिवस पं.राजेश तिवारी शास्त्री ने श्रीमद् भागवत जी के महात्म्य का वर्णन किया .उन्होंने धुंधकारी मोक्ष की कथा को बड़े ही भावपूर्ण ढंग से सुनाया .कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे .आयोजन समिति ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6बजे तक होगी .समापन पर पूर्णाहुति व भंडारे का आयोजन किया जाएगा .

## ड्यूटी से लौट रही महिला आरक्षक सड़क हादसे में घायल, आईसीयू में भर्ती

**नवभारत,दमोह.**जिला पुलिस बल की विशेष शाखा में पदस्थ महिला आरक्षक सुषमा कुर्मी शुक्रवार दोपहर ड्यूटी समाप्त कर घर जाते समय सड़क हादसे का शिकार हो गई.जानकारी के अनुसार, बालाकोट मार्ग स्थित सिद्धिविनायक कॉलोनी जाते समय अचानक चक्कर आने



से वे दो पहिया स्कूटी से गिर पड़ीं. हादसे में उनके सिर, नाक सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं.घटना के तुरंत बाद उन्हें जिला अस्पताल दमोह लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद आईसीयू वार्ड में भर्ती किया है. डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है लेकिन निगरानी में रखा गया है.सूचना मिलते ही विशेष शाखा के अधिकारी और कर्मचारी जिला अस्पताल पहुंचे और महिला आरक्षक का हाल जाना.

## बालाकोट में सड़क हादसा, बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की मौत

**नवभारत,दमोह.** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के समीप बालाकोट मार्ग पर गुरुवार दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है .जबलपुर नाका चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल ने बताया कि मृतक की पहचान राहुल पिता नंदलाल अहिरवार, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी बालाकोट के रूप में हुई है. हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है .प्रधान आरक्षक नंदलाल ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया.

## संविदा एएनएम ने सौंपा ज्ञापन, नियमितीकरण सहित कई मांगें उठाई

**नवभारत,जबेरा/दमोह।** संयुक्त एएनएम संगठन कर्मचारी संघ ब्लॉक जबेरा की एएनएम कर्मचारियों ने एकत्रित होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचकर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.डी.के.राय को ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में संविदा एएनएम की वर्षों पुरानी लंबित मांगों के निराकरण की मांग की गई.एएनएम कर्मचारियों ने मांग रखी कि संविदा एएनएम का नियमित पदों पर संविलियन किया जाए,एएनएम का ग्रेड पे 3200




रुपये किया जाए, नर्सिंग कैडर में पुनः वापसी कराई जाए तथा वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए. संगठन का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं,जिससे कर्मचारियों में असंतोष बना हुआ है.संगठन पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया.ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष रश्मि सेन,ब्लॉक अध्यक्ष आराधना राय, उपाध्यक्ष सविता पाठक, सचिव ज्ञान देवी अहिरवार आदि रहें।

## कोतवाली पुलिस ने चंद घंटों में की कार्रवाई, कोर्ट में किया पेश

**नवभारत,दमोह.**सिटी कोतवाली क्षेत्र के धर्मपुरा में घटना के बाद शहर में बने तनाव के माहौल के बीच कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया. 20 मई को प्रार्थी रजनीश साहू निवासी हटा नाका के साथ धरमपुरा क्षेत्र में पप्पू पिता पीर बक्स व उसके अन्य साथियों द्वारा घटना घटित की गई थी. घटना के बाद शहर में तनाव की स्थिति बन गई थी.मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध किया. पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित की.पुलिस टीम ने चंद घंटों



में ही आरोपी पप्पू खान पिता पीर बक्स निवासी धरमपुरा को गिरफ्तार कर लिया.आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया.सराहनीय कार्य करने वाले निरीक्षक मनीष कुमार, प्रधान आरक्षक अभिषेक चौबे, प्रधान आरक्षक महेश यादव, प्रधान आरक्षक ब्रजेन्द्र मिश्रा, आरक्षक नरेन्द्र पटैरिया, आरक्षक ओमप्रकाश, आरक्षक आकाश पाठक, आरक्षक रतिराम रहे.पुलिस अधीक्षक ने टीम को त्वरित कार्रवाई के लिए सराहा है.

पटेरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

उड़ीसा के रहने वाले हैं दोनों आरोपी,60हजार कीमत का गांजा जब्त

# 3 किलो गांजे के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत, दमोह.** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पटेरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में 22 मई को पटेरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर सहित पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 03 किलो अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है.

गिरफ्तार आरोपी में दिवाकर बेहरा पिता उपेन्द्र बेहरा, उम्र 40 वर्ष, निवासी गोविन्दपुर थाना



रेडखोल, जिला संभलपुर, उड़ीसा और सुदर्शन सिंह हरिजन पिता इन्द्रो सिंह, उम्र 42 वर्ष, निवासी बागमरे थाना बीएमपुर, जिला सोनपुर, उड़ीसा बताए गए हैं.आरोपियों के कब्जे से लगभग 60,000 रूपये रुपये कीमत का 03 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है.दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना पटेरा में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है. अंतर्राज्यीय तस्करों पर विशेष नजर रखी जा रही है.जब्त गांजे के स्रोत और नेटवर्क को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है.